| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | |
| Basic: | -0.25 | 0.57 | -0.11 | 2.44 | 1.38 | -2.44 |
| Diluted: | -0.25 | 0.57 | -0.11 | 2.44 | 1.38 | -2.44 |

**Note:** a) The above is an extract of the detailed format of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter & year ended 31st March, 2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2026 is available on the website of the exchange i.e.www.bseindia.com and on website of company i.e. www.medicaps.com,.
b) SEBI vide its updated circular HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated January 30, 2026 has provided a special one year window, from February 05, 2026, to February 04, 2027, for investors to re-lodge old physical share transfer deeds that were originally submitted before April 1, 2019, but were rejected, returned, or not processed due to deficiencies.
c) You can also accessed the results by scanning a Quick Response Code given below:

MCL BSE

For MEDI-CAPS LIMITED
Sd/-
ALOK K GARG
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00274321

**Date : 21.05.2026, Place : INDORE**

ANIL PUB.



## LIC HOUSING FINANCE LTD.

LIC HFL — LIC HOUSING FINANCE LTD

Area Office: Asha Dilpasand Imperial, Upper Ground Floor, Municipal No. 6/3, South Tukoganj, Street no. 01, Main Road of high Court, MG Road, Indore, M.P. , Phone No. 0731- 4235259 Mob: 9039059605 Website: www.lichousing.com

**APPENDIX- (IV) RULE 8(1) POSSESSION NOTICE (IMMOVABLE PROPERTY)**

The undersigned being the Authorised Officer of the **LIC Housing Finance Ltd.** under the Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest Act, 2002 and in exercise of Powers conferred under Section 13 read with Rule 3 of the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002, issued a demand notice calling upon the Borrowers. To repay the amount mentioned in the notice within **60 days** from the date of notice /date of receipt of the said notice together with further interest, incidental expenses, costs, charges etc. till date of payment and / or realization. The Borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the Borrower/ Guarantor/ Mortgagor in particular and to the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under Section 13(4) of the said Act read with Rule 8 of the said Rules on this year .The Borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the **LIC HOUSING FINANCE LTD.**

| S. No. | Loan A/c Number | Name of Borrower & Address. | Description of Property | Demand / Possession Notice Date | ₹ Amount in Demand Notice |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 120400002466 120400016357 | Mr. KISHAN LALWANI, Ms MEETA LALWANI ADDRESS FLAT NO. 103, FIRST FLOOR, HITESH APARTMENT, PLOT NO. 32, GOPAL BAGH, INDORE, MP | FLAT NO. 103, FIRST FLOOR, HITESH APARTMENT, PLOT NO. 32, GOPAL BAGH, INDORE, MP area 738 sq ft. Bounded: - On the East by - FLAT NO. 102, On the West by - PLOT NO. 33, 33-A AND 34, On the North by - PREM NAGAR COLONY, On the South by - PLOT NO. 32-A **Physical Possession** | 01.08.2023 / 22.05.2026 | 23,94,167.00 + Interest & Other Charges |

**STATUTORY NOTICE** :- The borrower/guarantor hereby notice do pay the sum mentioned above within 30 Days from the date of publication of this notice failing which the aforesaid property will be auctioned and balance if any will be recovered with interest and cost from you.

Date : 23.05.2026
Place : INDORE

By Order
Authorised Officer
LIC Housing Finance Ltd

एक नजर

### राजा राममोहन राय की जयंती पर किया नमन

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ब्रह्म समाज के संस्थापक, महान समाज सुधारक राजा राममोहन राय की जयंती पर पुण्य स्मरण कर उन्हें नमन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि श्रद्धेय राजा राममोहन राय ने सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, महिला अधिकारों के संरक्षण एवं आधुनिक शिक्षा के प्रसार के लिए आजीवन संघर्ष किया। उनका सम्पूर्ण जीवन समानता और प्रगतिशील समाज बनाने की अथाह प्रेरणा देता है।

मीडिया पर भड़के रिटायर्ड जज गरिबाला सिंह के वकील,कहा

### मरवाना चाह रहे हैं आप लोगों को,जो कहना है कह चुके है

भोपाल,(निप्र)। भोपाल में ट्विशा शर्मा डेथ केस को लेकर सवाल और पैर कार के पहिए में दबने पर रिटायर्ड जज सास गिरिबाला सिंह के वकील मीडिया पर जमकर भड़क उठे।दरअसल, ट्विशा शर्मा की रिटायर्ड जज सास गिरिबाला सिंह वकील के साथ घर से जा रही थीं। इस दौरान मीडिया ने उन्हें घेर लिया। मीडिया ट्रायल के दौरान वकील इनोश जॉर्ज कॉर्लो मीडिया पर भड़क उठे। मीडिया के सवालों पर वे कहते रहे कि चलने नहीं दे रहे हैं आप हमारी कोई आजादी है या नहीं क्या तरीका है यह बहुत गलत है।

**वकील के पैर पर चढ़ा कार का पहिया**-मीडिया के सवालों के बीच गिरिबाला सिंह कार में बैठी और उनके ड्राइवर ने कार आगे बढ़ा दी। इस दौरान उनकी कार का अगला पहिया वकील का पैर पर चढ़ गया। जैसे ही कार पैर से हटी तो वकील मीडिया कर्मियों से बोले कौन देगा इसका जवाब। पैर पर गाड़ी चढ़ गई थोड़ी जगह तो दो। क्या आप लोगों को मरवाना चाह रहे है, जो कहना है वे कह चुके हैं।

### एमपी पुलिस में ट्रांसफर के लिए नए नियम 5 साल से ज्यादा एक थाने में पोस्टिंग नहीं

भोपाल,(निप्र)। मध्यप्रदेश पुलिस में ट्रांसफर के लिए नए दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मप्र में अब किसी भी पुलिसकर्मी की एक ही थाने में 5 साल से ज्यादा समय तक पोस्टिंग नहीं रहेगी। इसके साथ ही उसी थाने में उस पुलिसकर्मी को दोबारा पोस्टिंग नहीं दी जा सकेगी। मप्र पुलिस महानिदेशक के आदेश में स्पष्ट लिखा है कि किसी एक थाने में किसी भी कर्मचारी की एक पद पर पदस्थापना सामान्यतः 4 साल और 5 साल से ज्यादा नहीं होगी। किसी भी पुलिस अधिकारी कर्मचारी को पोस्टिंग पीरियड पूरा होने के बाद दोबारा उसी थाने में पोस्टिंग नहीं दी जाएगी। किसी भी पुलिसकर्मी की अलग-अलग पदों पर किसी एक थाने में पोस्टिंग में कम से कम 3 सालों का अंतर रखा जाएगा। आरक्षक से उप-निरीक्षक के पद पर किसी भी कर्मचारी की एक ही अनुविभाग में अलग-अलग पदों पर पोस्टिंग पीरियड 10 साल से ज्यादा नहीं होगा।



### मप्र में कॉकरोच जनता पार्टी की एंट्री

सीजेपी के एक दल नहीं,जेन जेड आंदोलन–मयंक

भोपाल,(निप्र)। कॉकरोच जनता पार्टी की मध्य प्रदेश में एंट्री हो गई है। भोपाल में सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी कर रहे युवा कार्यकर्ता मयंक ने शुक्रवार को पार्टी के बैनर तले प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान नीट पेपर लीक प्रभावित युवा, नर्सिंग और अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में गड़बड़ी से प्रभावित छात्राएं भी मौजूद रहीं।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मयंक ने कहा कि सीजेपी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि जेन जेड की प्राथमिकताओं पर आधारित युवा आंदोलन है। यह किसी व्यक्ति या राजनीतिक दल के विरोध का मंच नहीं, बल्कि उस शिथिल सिस्टम के खिलाफ आवाज है, जिसने युवाओं का भरोसा तोड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि जब पेपर लीक जैसे मामलों पर युवा सवाल उठाते हैं, तब उनकी आवाज दबाने और सोशल मीडिया अकाउंट्स तक बैन करने की कोशिश होती है। अब सरकारी संस्थान अपनी नैतिक जिम्मेदारी से पल्ला नहीं झाड़ सकते।

### टीआई ने नहीं उठाया डीसीपी का फोन,लगा 10 हजार का जुर्माना

भोपाल,(निप्र)। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कोलार थाना के टीआई संजय सोनी पर 10 हजार का जुर्माना लगाया है। कमिश्नर ने टीआई को आगे से अपनी काम के तरीकों में सुधार की कड़ी चेतावनी दी है। भोपाल पुलिस कमिश्नर संजय कुमार ने कोलार थाना के टीआई संजय सोनी पर 10 हजार का जुमार्ना लगाया है। कमिश्नर ने टीआई को आगे से अपनी काम के तरीकों में सुधार की कड़ी चेतावनी दी है। दरअसल, तत्कालीन डीसीपी मयूर खंडेलवाल ने पुलिस कमिश्नर को एक पत्र लिखकर टीआई संजय सोनी की शिकायत की थी। जिसमें उनपर आरोप था कि थाना प्रभारी अपने वरिष्ठ अधिकारियों के फोन रिसीव नहीं करते हैं। सीएम हेल्पलाइन की शिकायत के निराकरण में भी लापरवाही बरतते हैं। बताया जा रहा है कि इनके खिलाफ भिंड में भी कुछ जांच चल रही हैं।

# मप्र वैश्विक वन्य जीव संरक्षण का बना रोल मॉडल : मुख्यमंत्री

## प्रकृति के संरक्षण को केवल नीति नहीं,बल्कि संस्कृति बनाएंगे : यादव

1 फोटो- पी 1

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा है कि जैव-विविधता में हमारा प्रदेश, देश में एक उत्कृष्ट उदाहरण के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमारे पास ह्यटाइगर स्टेटह्न, ह्यलेपर्ड स्टेटह्न, ह्यचीता स्टेटह्न, ह्यवल्चर स्टेटह्न, ह्यघड़ियाल स्टेटह्न, ह्यवुल्फ स्टेटह्न का टाइटल है। सालों पहले देश की धरती से चीते लुप्त हो चुके थे। हम देश की प्राकृतिक एवं सांस्कृतिक धरोहर के रूप में पहचाने जाने वाले चीतों को प्रदेश की धरती में वापस ले आये हैं। मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने मध्यप्रदेश को चीता स्टेट बनने का गौरव देने के लिए केन्द्र सरकार का आभार जताते हुए कहा कि चीतों ने पालपुर कूनो और गांधी सागर अभयारण्य को अपना घर मान लिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में अब कुल 53 चीते हैं। मध्यप्रदेश वैश्विक वन्यजीव संरक्षण का सबसे बड़ा और वैज्ञानिक रोल मॉडल बनकर उभरा है।

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस के अवसर पर भारतीय वन प्रबंधन संस्थान (आईआईएफएम) में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम एवं चीता संरक्षण वर्कशाप को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ.



यादव ने कहा कि हमारा मध्यप्रदेश ह्यमोगली लैंडह्न और ह्यसफेद शेरों की धरतीह्न के नाम से भी जाना जाता है। लगभग 100 साल के बाद मध्यप्रदेश की धरती पर जंगली भैंसे का पुनर्वास एवं पुनर्स्थापना की गई है। दुर्लभ प्रजाति के 33 कछुए और 53 घड़ियाल कूनो नदी में छोड़े गए हैं। हलाली डेम क्षेत्र में 5 लुप्तप्राय गिद्धों को उनके नैसर्गिक वातावरण में मुक्त किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश में 5 हजार से अधिक वनस्पतियां, करीब 500 पक्षियों की प्रजातियां और 180 से अधिक मछलियों की प्रजातियां मौजूद हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब तो मध्यप्रदेश के जंगलों में 100 से ज्यादा हाथी भी विचरण कर रहे हैं। कार्यक्रम में केन्द्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री भूपेन्द्र यादव, मंत्रालय के केन्द्रीय राज्यमंत्री श्री कीर्तिवर्धन सिंह, वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री श्री दिलीप अहिरवार भी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय वन मंत्री यादव ने एबीएस एंड-टू-एंड वेब पोर्टल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर चीता संरक्षण पर केंद्रित ब्रोशर, भारत की बायोडायवर्सिटी रिपोर्ट-2026 एवं अन्य प्रचार साहित्य का विमोचन कर अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस की स्मृति में डाक विभाग का ह्यमाय स्टैम्पह्न (5 रुपए का डाक टिकट) भी लाँच किया गया।

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेन्द्र यादव ने कहा कि भारत की प्राचीन नदी सभ्यताओं में नर्मदा का विशेष स्थान है। प्रदेश में अमरकंटक और पातालकोट धरती पर ईश्वर का दिया सबसे बड़ा उपहार है। जैव-विविधता हमारी भारतीय सभ्यता की मूल आत्मा है, इन्हें बनाए रखना ही हमारा संकल्प है, हमारा लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस पर हम सभी संकल्प लें कि जिसे हम बना नहीं सकते, कम से कम उसे बिगाड़े तो नहीं।



## नाबालिग से छेड़छाड़ पर भड़का आक्रोश

■ **ठेला तोड़ा-बाइक जलाई, आरोपी को जेल भेजा**

आष्टा,(निप्र)। थाना जावर क्षेत्र अंतर्गत संवेदनशील मेहतवाड़ा कस्बे में गुरुवार रात एक फल-फ्रूट एवं सब्जी विक्रेता द्वारा नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ किए जाने की घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति निर्मित हो गई। आक्रोशित नागरिकों ने आरोपी युवक की जमकर पिटाई कर उसका ठेला तोड़ दिया तथा बाइक में आग लगा दी। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जिला न्यायाधीश विजय डांगी के न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

जानकारी के अनुसार मेहतवाड़ा निवासी एक नाबालिग बालिका फल-सब्जी खरीदने ठेले पर पहुंची थी। इसी दौरान आरोपी युवक ने उसके साथ छेड़छाड़ की। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में नागरिक मौके पर पहुंच गए और आरोपी के साथ मारपीट कर दी। गुस्साए लोगों ने उसका ठेला तोड़ दिया तथा बाइक में आग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही जावर थाना पुलिस एवं आष्टा से एसडीओपी दामोदर गुप्ता मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया। जावर थाने में महिला अधिकारी नहीं होने के कारण महिला अपराध संबंधी कार्रवाई हेतु आष्टा थाने से महिला पुलिस अधिकारी उपनिरीक्षक किरण सिंह राजपूत को बुलाया गया।

महिला अधिकारी के पहुंचने के बाद प्रथम सूचना रिपोर्ट क्रमांक 179/26 दर्ज की गई। मामले में आरोपी अरबाज खान पिता हबीब खान (25 वर्ष), व्यवसाय फल-सब्जी विक्रेता, के विरुद्ध बीएनएस की धारा 75(1) एवं पॉक्सो एक्ट की धारा 7/8 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया।

थाना प्रभारी एवं एसडीओपी हेमंत पांडे ने भीड़ का संतुलित प्रबंधन करते हुए आरोपी को पुलिस अभिरक्षा में लिया। पुलिस द्वारा फरियादिया के कथनों की वीडियोग्राफी कराई गई तथा बीएनएसएस की धारा 179 के तहत नोटिस सहित मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान दर्ज कराने की कार्रवाई त्वरित रूप से पूरी की गई।पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से न्यायाधीश ने उसे जेल भेज दिया। घटना के बाद कुछ समय तक मेहतवाड़ा कस्बे में तनावपूर्ण माहौल निर्मित हुआ, जिसे पुलिस ने स्थिति संभालते हुए नियंत्रित किया।

# राज्यसभा चुनाव–प्रदेश की 3 सीटों के लिए भी लामबंदी शुरू

### प्रदेश की 3 सीटों पर भी 18 जून को मतदान

**भोपाल,(निप्र)। राज्यसभा सदस्य के 24 पदों के लिए निर्वाचन आयोग ने चुनाव का ऐलान किया है। इसमें मप्र की भी तीन सीट शामिल हैं। चुनाव आयोग से जारी आदेश के अनुसार, मध्यप्रदेश की राज्यसभा की 3 सीटों पर भी 18 जून को मतदान होगा।**

मध्यप्रदेश में बीजेपी की 2 और कांग्रेस की 1 सीट हैं। इनमें दिग्विजय सिंह, जॉर्ज कुरियन और सुमेर सिंह सोलंकी राज्यसभा सदस्य रहे। राज्यसभा चुनाव को लेकर अब सियासी हलचल तेज हो गई है। दिग्विजय सिंह राज्यसभा का कार्यकाल 9 अप्रैल को खत्म हो चुका है। वे 2020 में दूसरी बार राज्यसभा के लिए चुने गए थे। जनवरी 2026 में पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व राज्यसभा सदस्य दिग्विजय सिंह राज्यसभा जाने से इनकार कर चुके हैं। कांग्रेस से दिग्विजय सिंह का कार्यकाल 9 अप्रैल-जून और बीजेपी से सुमेर सिंह सोलंकी का कार्यकाल जून के साथ बीजेपी से ही जॉर्ज कुरियन का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है।

### तीन सीटों के लिए बीजेपी ने केंद्र भेजी 9 नामों की लिस्ट

राज्यसभा सीटों की उम्मीदवारी के लिए सियासी हलचल हो गई है। बीजेपी तीनों सीटों पर तीन-तीन यानी कुल 9 नामों की लिस्ट तीन दिन पहले तैयार हो गई थी, जिसे केंद्र में भेजा गया है। जबकि कांग्रेस में अब तक लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। यहां कई दिग्गज नेताओं में खींचतान शुरू हो गई है।

### जॉर्ज को दोबारा मिल सकता है मौका, सुमेर का स्पष्ट नहीं

बीजेपी की ओर से अब तक कोई मजबूत दावेदार खुलकर सामने नहीं आया है। अंदरखाने में चर्चा है कि जॉर्ज कुरियन को दोबारा मौका मिल सकता है। जबकि सुमेर सिंह को लेकर स्थिति स्पष्ट नहीं है। ऐसे में विकल्प के रूप में मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के नाम की भी चर्चा है। बीजेपी गठन से जुड़े कुरियन, ईसाई समाज का बड़ा चेहरा जॉर्ज कुरियन 1980 से पार्टी से जुड़े हैं और विश्वसनीय नेता माने जाते हैं। उनका यह तीसरा कार्यकाल हैं। वे केरलम में बीजेपी से मजबूत ईसाई चेहरा है। यहां की कांजिरापल्ली सीट से हाल ही में हुए चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा है। लेकिन केंद्र में उनकी एक्टिवनेस की वजह से दोबारा सदन में भेजे जाने की चर्चा है। मध्य प्रदेश में 22 फीसदी जनजाती आबादी है। डॉ सुमेर सिंह सोलंकी आदिवासी समाज का बड़ा चेहरा है। हाल ही में उन्हें बीजेपी के प्रदेश महामंत्री चुना गया हैं। ऐसे में अब उनके नाम पर विचार किए जाने की चर्चा है। प्रोफेसर की सरकारी नौकरी छोड़कर 2020 में वे राज्यसभा पहुंचे थे।

### कमलनाथ और नटराजन की दावेदारी मजबूत

दिग्विजय सिंह के राज्यसभा जाने से इनकार करने के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ का नाम सबसे आगे माना जा रहा है। अंदरखानों में पूर्व सांसद व तेलंगाना की प्रभारी मीनाक्षी नटराजन के नाम की चर्चा तेज है। इन्हें गांधी परिवार का विश्वसनीय करीबी माना जाता है। दिल्ली में हुई हालिया बैठकों में इन दोनों नामों पर सबसे ज्यादा चर्चा हो चुकी है।

## प्रदेश में मनाया जायेगा गंगा दशहरे का पर्व

### मुख्यमंत्री उज्जैन में 25 और 26 मई को विभिन्न आयोजनों में होंगे शामिल

भोपाल,(निप्र)। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव गंगा दशहरा के अवसर पर 25 और 26 मई को उज्जैन में क्षिप्रा तट पर आयोजित परिक्रमा, चुनरी अर्पण, पूजन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इस अवसर पर श्रद्धा, संस्कृति और जल संरक्षण के संदेश से जुड़े विविध आयोजन किए जायेंगे। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गंगा दशहरा पर 25 मई को प्रदेशभर में वृहद कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे। प्रदेश के विभिन्न जिलों में प्रभात फेरियां, नदी एवं जलाशय परिक्रमा, साइकिल रैली, चुनरी अर्पण-पूजन तथा जल और नदियों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां आयोजित की जायेंगीं। भारत भवन, भोपाल में सदानीरा का आयोजन 27 मई से 2 जून तक किया जायेगा। कार्यक्रम में जल, प्रकृति और संस्कृति से जुड़े विविध आयामों को प्रस्तुत किया जायेगा। युवाओं एवं आमजन को जल संरचनाओं के संरक्षण और संवर्धन के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से संगोष्ठी, सेमीनार और व्याख्यान भी आयोजित किए जायेंगे। कार्यक्रम जिला मुख्यालयों के साथ प्रमुख नदियों, जलाशयों और जल स्त्रोतों के किनारे भी आयोजित होंगे।

### बड़े तालाब पर होगा कयाकिंग केनोइंग के लिए ट्रायल

भोपाल,(निप्र)। गर्मी के मौसम में भोपाल के बड़े तालाब का पानी भले ही घट रहा हो लेकिन इसका आकर्षण बढ़ता जा रहा है। यहां कयाकिंग केनोइंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में भागीदारी के लिए भारतीय टीम के लिए ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इसी माह 28 और 29 मई को बोट क्लब पर ट्रायल आयोजित किया जाएगा। इसमें कई ओलंपियन और एशियाड मेडल विनर भी अपना दमखम दिखाएंगे। जिससे वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वॉलीफाई कर सकें। इसके लिए राष्ट्रीय और प्रदेश के प्रशिक्षक उपस्थित रहेंगे, तथा बाद में चयनित खिलाड़ियों की टीम की तैयारी करवाएंगे। मध्यप्रदेश कयाकिंग कैनोइंग एसोशिएसन के सचिव मयंक ठाकुर की माने तो कयाकिंग कैनोइंग वर्ल्ड चैंपियनशिप 26 से 30 अगस्त तक पोलैंड के पोजनान सिटी में होगी। इसके लिए मध्यप्रदेश कयाकिंग कैनोइंग एसोशिएसन एमपीकेसीए की ओर से इंडियन टीम तैयार करने के लिए ट्रायल किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ट्रायल भोपाल के बोट क्लब पर होंगे। इसमें देशभर से पैरो कैनो खिलाड़ी भाग लेंगे।



## पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक में आग

गंजबासौदा-विदिशा,(निप्र)। गंजबासौदा में शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे ग्राम बरेठ में स्लीपर फैक्ट्री के पास स्थित एक पेट्रोल पंप के सामने खड़े ट्रक में अचानक आग लग गई। घटना से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। आग लगने के बाद काले धुएं के साथ आग की ऊंची लपटें दिखाई देने लगीं। जानकारी के अनुसार, ट्रक रात भर से पेट्रोल पंप के सामने खड़ा था। सुबह अचानक उसमें से धुआं निकलने लगा और देखते ही देखते पूरा ट्रक आग की चपेट में आ गया। पेट्रोल पंप के बिल्कुल नजदीक होने के कारण बड़े हादसे की आशंका से लोग दहशत में आ गए।

**पेट्रोल पंप कर्मचारियों को सूचना दी**-स्थानीय लोगों ने तत्काल पेट्रोल पंप कर्मचारियों को सूचना दी और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। हालांकि, आग तेजी से फैल रही थी और उसने पूरे ट्रक के केबिन को अपनी चपेट में ले लिया था। स्थानीय लोगों ने ट्रक चालक और क्लीनर को बाहर निकाला, जो ट्रक के अंदर सो रहे थे। स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाने का प्रयास किया गया। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी गई। बताया गया कि ट्रक स्लीपर फैक्ट्री से स्लीपर लेने आया था और रात को पेट्रोल पंप के सामने खड़ा था।

## शेखुखेड़ा में जगतजननी माँ जगदम्बे की प्राण प्रतिष्ठा

**आष्टा,(निप्र)।** आष्टा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम शेखुखेड़ा में नवनिर्मित जगतजननी माँ जगदम्बे की आज विधि विधान एवं सभी धार्मिक क्रियाओं के साथ माँ की प्राण प्रतिष्ठा सम्पन्न हुई । मातारानी की प्राण प्रतिष्ठा में आष्टा विधायक गोपालसिंह इंजीनियर शामिल हुए एवं नव निर्मित मंदिर में बिराजी मातारानी के दर्शन कर आशीर्वाद लिया एवं माँ अम्बे जी के चरणों मे यही प्रार्थना की,की है माँ सभी भक्तों पर आपकी कृपा दया और आशीर्वाद बनाये रखना । सभी आपके आशीर्वाद की छत्रछाया में सुखी,सम्पन्न,स्वस्थ रहे । इस अवसर पर ग्राम शेखुखेड़ा पहुचे विधायक गोपालसिंह इंजीनियर का ग्राम पंचायत सरपंच निशा बाई जीवन सिंह (पप्पू) यादव एवं मंदिर समिति ने भव्य स्वागत सम्मान कर विधायक का तुलादान किया । आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक इंजीनियर ने कहा की आज सभी की जो इच्छा थी कि नव निर्मित मन्दिर में मातारानी की प्राण प्रतिष्ठा हो आज सम्पन्न हुई ।

# जल गंगा संवर्धन अभियान –विदिशा में 500 साल पुराने कुएं की सफाई शुरू

**विदिशा,(निप्र)।** जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत शहर की ऐतिहासिक जल धरोहरों को पुनर्जीवित करने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में पुराने बस स्टैंड स्थित लगभग 500 साल पुराने सांकल कुएं की साफ-सफाई का कार्य नगर पालिका द्वारा शुरू किया गया है। वर्षों से उपेक्षित इस कुएं में गंदगी और बदबू बढ़ने के बाद प्रशासन ने इसे संरक्षित और पुनर्जीवित करने की पहल की है।

नगर पालिका की टीम मोटरों की सहायता से कुएं का पानी बाहर निकाल रही है। इसका उद्देश्य अंदर जमा गाद, कचरा और गंदगी को पूरी तरह साफ करना है। कर्मचारियों के अनुसार, लंबे समय से रखरखाव न होने के कारण कुएं के पानी में सड़ांध और बदबू आने लगी थी, जिससे आसपास के निवासियों को परेशानी हो रही थी।



**आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित किया जाएगा**–सांकल कुआं कभी शहर के प्रमुख जल स्त्रोतों में से एक था। वर्षों तक आसपास के लोग इसी कुएं के पानी का उपयोग करते थे। आधुनिक जल व्यवस्थाओं के कारण इसका उपयोग कम हो गया, लेकिन यह आज भी शहर की ऐतिहासिक पहचान बना हुआ है। कुछ साल पहले तक गर्मियों में इसी कुएं से टैंकर भरकर विभिन्न वार्डों में पानी पहुंचाया जाता था। नगर पालिका अधिकारियों ने बताया कि सफाई कार्य पूरा होने के बाद कुएं के आसपास के क्षेत्र को भी व्यवस्थित किया जाएगा। इसका उद्देश्य इसकी ऐतिहासिक सुंदरता बनाए रखना और आने वाली पीढ़ियों को इस धरोहर से जोड़ना है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन की इस पहल का स्वागत करते हुए इसे जल संरक्षण और विरासत बचाने की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया है।

**पुनर्जीवित करने के प्रयास चल रहे**-कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने बताया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में जल स्त्रोतों के संरक्षण, पुनर्जीवन और जल संचय क्षमता बढ़ाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किए जा रहे हैं।उन्होंने कहा कि ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में जनभागीदारी के माध्यम से पारंपरिक जल संरचनाओं को बचाने और पुनर्जीवित करने के प्रयास लगातार जारी हैं। उन्होंने कहा कि बावड़ियां और पुराने कुएं हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ-साथ जल संरक्षण की महत्वपूर्ण धरोहर हैं, इसलिए इनके संरक्षण को गंभीरता से लिया जाना जरूरी है।

MEDI-CAPS LIMITED

REGD. OFFICE: 201, PUSHPRATNA PARADISE, 9/5 NEW PALASIYA INDORE - 452001 (M.P.), Tel: 0731-4028148, Website: www.medicaps.com Email: investors@medicaps.com
MEDI-CAPS LIMITED | CIN: L70100MP1983PLC002231

EXTRACT OF AUDITED STANDALONE AND CONSOLIDATED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED MARCH 31, 2026
Regulation 47(1) (b) of the SEBI (LODR) Regulations, 2015

(Amount in Lakhs except EPS)

| PARTICULARS | STANDALONE | | | CONSOLIDATED | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | QUARTER ENDED | | YEAR ENDED | QUARTER ENDED | | YEAR ENDED |
| | 31.03.2026 (AUDITED) | 31.03.2025 (AUDITED) | 31.03.2026 (AUDITED) | 31.03.2026 (AUDITED) | 31.03.2025 (AUDITED) | 31.03.2026 (AUDITED) |
| Total income from operations (Net) | 53.35 | 89.08 | 230.59 | 344.94 | 696.35 | 1244.85 |
| Net Profit / (Loss) for the period (Before Tax, Exceptional and/or Extraordinary items) | -32.73 | 43.60 | -12.46 | 302.74 | 144.83 | -302.34 |
| Net Profit / (Loss) for the period Before Tax (After Exceptional and/or Extraordinary items) | -32.73 | 43.60 | -12.46 | 302.74 | 144.83 | -302.34 |
| Net Profit/(Loss) for the period After Tax (after Exceptional and/or Extraordinary items) | -31.29 | 70.61 | -13.87 | 304.18 | 171.84 | -303.75 |
| Total comprehensive Income for the period [Comprising Profit/(Loss) for the period (after tax) and other comprehensive income (after Tax)] | -145.67 | 45.25 | -63.21 | -483.52 | 12.25 | -966.49 |
| Equity Share Capital | 1247 | 1247 | 1247 | 1247.00 | 1247.00 | 1247 |
| Reserves (excluding Revaluation Reserve as shown in the Audited Balance Sheet of previous year) | 0.00 | 0.00 | 5424.19 | 0.00 | 0.00 | 9914.18 |
| Earnings Per Share (of Rs. 10/- each) (for continuing and discontinued operations) | | | | | | |
| Basic: | -0.25 | 0.57 | -0.11 | 2.44 | 1.38 | -2.44 |
| Diluted: | -0.25 | 0.57 | -0.11 | 2.44 | 1.38 | -2.44 |

Note: a) The above is an extract of the detailed format of Audited Standalone and Consolidated Financial Results for the quarter & year ended 31st March, 2026 filed with the Stock Exchange under Regulation 33 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015. The full format of the Audited Financial Results for the quarter and year ended March 31, 2026 is available on the website of the exchange i.e.www.bseindia.com and on website of company i.e. www.medicaps.com,.
b) SEBI vide its updated circular HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/ I/3750/2026 dated January 30, 2026 has provided a special one year window, from February 05, 2026, to February 04, 2027, for investors to re-lodge old physical share transfer deeds that were originally submitted before April 1, 2019, but were rejected, returned, or not processed due to deficiencies.
c) You can also accessed the results by scanning a Quick Response Code given below:

MCL BSE

Date : 21.05.2026, Place : INDORE

For MEDI-CAPS LIMITED
Sd/-
ALOK K GARG
MANAGING DIRECTOR
DIN: 00274321

ANIL PUB